● **देखो और बनाओ :**

६. बधाई कार्ड





सामग्री – कार्डशीट, पुरानी साड़ी की लेस, टिकलियाँ, सजावटी काँच के टुकड़े, कैंची, गोंद ।

संदेश

पूज्य नानी जी,

सादर प्रणाम ।

जन्मदिन की बधाई !

आपका/आपकी,
प्रिय नाती/नातिन

हर्षल/प्रज्ञा

विधि : कार्डशीट का ८"× ६" का टुकड़ा लेकर उसे बीच से मोड़ो । ऊपरवाले हिस्से पर साड़ी की लेस, टिकलियाँ और सजावटी काँच के टुकड़े चिपकाओ । दिया गया संदेश भीतरी पृष्ठ पर उचित प्रारूप में लिखो । उपलब्ध सामग्री से अन्य प्रकार के कार्ड बनाओ ।

❑ विद्‌यार्थियों को इसी प्रकार से उनके मित्र/ सहेली के जन्मदिन पर अपने हाथों से बनाया बधाई कार्ड भेजने के लिए प्रेरित करें । बोलने और लिखने में बड़ों के लिए सादर प्रणाम, नमस्कार, नमस्ते और छोटों के लिए स्नेह, प्यार जैसे शब्दों का प्रयोग कराएँ ।